14 नवंबर को दीवाली और बंदी छोड़ दिवस सुरक्षित रूप से मनाएं

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (5 नवंबर, 2020) – इस वर्ष, दीवाली (Diwali) और बंदी छोड़ दिवस (Bandi Chhor Diwas) के जश्न थोड़े अलग होंगे क्योंकि समुदाय कोविड-19 (COVID-19) को फैलने से रोकने के लिए इकट्ठे मिलकर काम कर रहा है। पील पब्लिक हेल्थ (Peel Public Health) की सलाह के मुताबिक, सिटी का निवासियों से अनुरोध है कि वे केवल अपने घर में रहने वाले पारिवारिक सदस्यों के साथ ही जश्न मनाएं।

निवासियों से अनुरोध है कि वे नए और रचनात्मक तरीकों से जश्न मनाने पर विचार करें, जिनमें शामिल हैं, दोस्तों, परिवार और पड़ोसियों के साथ कॉलिंग या वीडियो चैटिंग करना और पटाखों का आभासी (वर्चुअल) डिस्प्ले देखना।

हालांकि इसकी सलाह नहीं दी जाती है, फिर भी जो लोग अपने घर में रहने वाले पारिवारिक सदस्यों से बाहर के लोगों के साथ जश्न मनाने का चयन करते हैं, सिटी उन निवासियों को याद दिलाती है कि वे शारीरिक दूरी बनाकर रखें और सभी इनडोर सार्वजनिक जगहों में मास्क पहनने सहित, कोविड-19 से सुरक्षा संबंधी सभी सावधानियां बरतें। सामाजिक जनसमूहों को इनडोर 10 व्यक्तियों और आउटडोर 25 व्यक्तियों तक ही रखा जाना आवश्यक है।

जो निवासी अपने गुरुद्वारे या मंदिर में, व्यक्तिगत जश्नों में शामिल होने का फैसला करते हैं, उनके लिए आवश्यक है कि वे शारीरिक दूरी बनाकर रखें और सभी इनडोर सार्वजनिक जगहों में मास्क पहनने सहित, कोविड-19 से सुरक्षा संबंधी सभी सावधानियां बरतें।

ब्रैम्पटन कोविड-19 एमरजेंसी मेजर्स बाइ-लॉ (Brampton COVID-19 Emergency Measures By-law) के अंतर्गत, शारीरिक दूरी के विनियम का पालन न करने वाले लोगों पर, उल्लंघन के प्रत्येक अपराध के लिए न्यूनतम 500 डॉलर का और अधिकतम 100,000 डॉलर तक का जुर्माना लग सकता है।

इस बाइ-लॉ के अंतर्गत आने वाले म्युनिसिपल विनियमों के मुताबिक:

- प्रत्येक व्यक्ति, पब्लिक प्रॉपर्टी पर होने के समय, हर दूसरे व्यक्ति से कम से कम 2.0 मीटर की दूरी रखेगा, उन व्यक्तियों को छोड़कर, जो एक ही घर में इकट्ठे रहते हैं
- कोई भी कारोबारी, किसी भी व्यक्ति को, हर दूसरे व्यक्ति से 2.0 मीटर से कम दूरी पर बैठने या खड़े होने देने की अनुमति नहीं देगा, उन व्यक्तियों को छोड़कर, जो एक ही घर में इकट्ठे रहते हैं या कारोबारी के कर्मचारी हैं।

इसका पालन न होने के बारे में रिपोर्ट करने के लिए, निवासी और कारोबारी 311 पर फोन कर सकते हैं।

स्पोर्ट लोकल

सिटी का निवासियों से अनुरोध है कि वे इन जश्नों के दौरान लोकल फूड बैंकों या सामुदायिक समूहों को दान करने और इस समय के दौरान लोकल, छोटे कारोबारियों और रेस्टोरेंट्स को सहयोग करने पर विचार करें।

BRAMPTON Service and Information Update

पटाखों से सुरक्षा

दीवाली, साल में उन चार छुट्टियों में से एक है, जब ब्रैम्पटन में अनुमति लिए बिना, निजी प्रॉपर्टी पर छोटी-रेंज के पटाखों की अनुमति होती है। बाइ-लॉ के अंतर्गत, विक्टोरिया डे (Victoria Day), कैनेडा डे (Canada Day) और नए साल (New Year's Eve) को भी पटाखे चलाने की अनुमति होती है। इस वर्ष, ब्रैम्पटन में निजी प्रॉपर्टी पर, छोटी रेंज के पटाखे चलाने की अनुमति, केवल शनिवार, 14 नवंबर को ही है।

छोटी-रेंज के पटाखे ऐसे पटाखे हैं, जो चलाए जाने पर 3 मीटर (10 फुट) से कम दूरी तक जाते हैं (उदाहरण के लिए, अनार, चक्कर, ज़मीनी चक्कर, फुलझड़ियां)। अन्य सभी रॉकेट किस्म में पटाखों पर ब्रैम्पटन में पाबंदी है। सिटी निवासियों को याद दिलाती है कि पटाखों को गली में, पगडंडियों पर, सिटी के पार्कों के अंदर या म्युनिसिपल या स्कूल की प्रॉपर्टीज पर चलाने की अनुमति नहीं है।

निजी प्रॉपर्टी पर छोटी-रेंज़ के पटाखे चलाते समय, निवासियों के लिए इन सुरक्षा सावधानियों का पालन करना आवश्यक है:

- अपने पास पानी का कंटेनर या पानी से भरी कोई होज़ लाइन रखें, जो पटाखे बुझाने के लिए उपलब्ध हो।
- फुलझड़ियों के अलावा, कभी भी पटाखों को अपने हाथों में पकड़कर न चलाएं या जलते हुए पटाखों को हाथ में न पकड़ें
- कभी भी पटाखों को अन्य लोगों पर न फेंकें या उनकी तरफ करके न चलाएं।
- फुलझड़ियां चलाने के बाद, उनका निपटारा करने से पहले, पूरी तरह से ठंडा होने के लिए उन्हें पानी के कंटेनर में डाल दें।
- सभी पटाखों का निपटारा करने से पहले, उन्हें पूरी तरह से ठंडा होने दें।

पटाखों से सुरक्षा और बाइ-लॉज के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/fireworks पर जाएं।

-30-

मीडिया संपर्क
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca